SNBP International & Sr. Secondary School, Chikhali, Pune
Affiliation No. 1130703
TERM-II 2023-24
Revision Worksheet PT-4

Class III **Subject -Hindi**

Prepared by: Ms.Salma. **Lesson-**प्रतिभा- चाँद का कुरता, हमारा सुंदर घर, सरदार पटेल, कुट्टी, एना की किताब, बुद्धिमान कौन, प्रभात व्याकरण-भाषा, वर्ण, मात्राएँ,शब्द व वाक्य, संज्ञा,लिंग, वचन,सर्वनाम, विशेषण,क्रिया,अशुद्धि शोधन, पर्यायवाची शब्द ,विलोम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द ,मुहावरे, गिनती ,दिन और महीने, पत्र लेखन, कहानी लेखन, अपठित गद्यांश ,अनुच्छेद लेखन

प्रश्न-१) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए।

१) 'कौन' शब्द के 'क' वर्ण में कौन-सी मात्रा है?

क) औ की ख) ए की ग) इ की घ) ए की

२) 'मुझे तुमसे मिलकर बहुत खुशी हुई।' वाक्य में संज्ञा शब्द क्या होगा ?

क) बहुत ख) खुशी ग) तुमसे घ) मुझे

३) 'घड़ी' शब्द का बहुवचन क्या होगा?

क) ड़ीघ ख) दीदी ग) घड़ियाँ घ) चाबी

४) लिंग कितने प्रकार के होते हैं?

क) तीन ख) दो ग) चार घ) एक

५) 'तुम भी खेलने चलोगे?' सही सर्वनाम शब्द लिखिए ।

क) तुम ख) चलोगे ग) भी घ) खेलने

६) 'जग में थोड़ा पानी है।' वाक्य में विशेषण शब्द क्या होगा?

क) जग ख) में ग) पानी घ) थोड़ा

७) 'बच्चा खेल रहा है' वाक्य में क्रिया क्या होगी?

क) मोची ख) बच्चा ग) खेल रहा है घ) जूता

८) 'वर्षा' शब्द का पर्यायवाची क्या होगा?

क) सवेरा ख) बारिश ग) जल घ) आग

९) 'जीत' शब्द का विलोम क्या होगा ?

क) हार ख) रात ग) पुराना घ) गर्मी

१०) साथ में पढ़ने वाले को क्या कहते हैं?

क) निडर ख) पुजारी ग) सहपाठी घ) मोची

११) 'छक्के छुड़ाना' मुहावरे का क्या अर्थ होगा?

क) भाग जाना ख) डर जाना ग) पछताना घ) हरा देना

१२) एक सप्ताह में कितने दिन होते हैं?

क) सात ख) नौ ग) बारह घ) दस

१३) चाँद कहाँ दिखाई देता है?

क) खिलौने में ख) झिंगोले में ग) आसमान में घ) सूरज में

१४) किसकी माँ घर की सफ़ाई कर रही थी?

क) सोनू की ख) नेहा की ग) मोनू की घ) बिस्तर की

१५) 'कुशल' शब्द का सही अर्थ क्या है?

क) सुखी रहना ख) कीड़े ग) पक्का घ) दुखी रहना

१६) वल्लभ आगे चलकर किस नाम से मशहूर हुआ?

क) महात्मा गांधी ख) जवाहरलाल नेहरू ग) भगत सिंह घ) लौह पुरुष

१७) मोहन विजय सिंह के घर कितने बजे आता था?

क) नौ बजे ख) दस बजे ग) सात बजे घ) आठ बजे

१८) एना ने सामान रखने के लिए हाथ में क्या उठा ली?

क) डलिया ख) किताब ग) बस्ता घ) गिलास

१९) अंत में चीकू और शेरखान के बीच फैसला किसने किया?

क) चीकू ने ख) भीमा ने ग) हाथी दादा ने घ) लोमड़ी ने

२०) 'प्रभात' कविता में बच्चों को _________ दूर करने के लिए कहा गया है।

क) प्रेम ख) नफ़रत ग) प्यार घ) आलस

२१) वल्लभ को ___________हटाने में परेशानी हो रही थी।

क) पत्थर ख) पेड़ ग) दरवाजा घ) संदूक

२२) हमें अपने घर को __________रखना चाहिए।

क) गंदा ख) अस्वच्छ ग) साफ़-सुथरा घ) बदबूदार

२३) 'ठिठुर-ठिठुरकर' शब्द का सही अर्थ __________ है।

क) माप ख) ज़िद ग) कुशल घ) काँप-काँपकर

२४) कैसे दोस्त से हम ज्यादा देर तक दूर नहीं रह सकते?

क) सच्चे ख) झूठे ग) धोखेबाज घ) घमंडी

प्रश्न-२) दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक बंदर जंगल में खेल रहा था। वह एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर कूद रहा था। दूसरे पेड़ पर पहुँचते ही उसने वहाँ बहुत सारे फल देखें। उसने एक बड़े से अमरूद को छोड़कर एक छोटे से बेर को पकड़ा। वह खुशी से नाच रहा था।

क) बंदर कहाँ खेल रहा था?
ख) बंदर ने क्या देखा?
ग) बंदर खुशी से क्या करने लगा?

प्रश्न-३) दिए गए उचित शब्दों से खाली जगह भरिए। (किताब , कलियाँ , घर)

क) मोहन विजय सिंह के_____________आता है।

ख) एना ने मम्मी की मदद से एक______________ ली।

ग) बागों में ______________ खिल रही हैं।

प्रश्न-४) दिए गए वाक्यों में सही (✓) या गलत (×)का निशान लगाइए।

क) बालकों को पढ़ने में ध्यान लगाने के लिए कहा गया है। (   )

ख) लाइब्रेरी में हम खेलने जाते हैं। (   )

ग) विजय सिंह और मोहन में कुट्टी हो गई थी। (   )

प्रश्न-५) उचित जोड़ियाँ मिलाइए-

क) लाल	बालक
ख) समझदार	फूल

प्रश्न-६) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।

क) भीमा ने क्या फैसला किया?

ख) मम्मी की मदद से एना ने लाइब्रेरी से कैसी किताब ली?

ग) मोहन विजय सिंह के घर क्यों आता है?

प्रश्न-७) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

क) डलिया   ख) तकरार

प्रश्न-८) 'मेरा स्कूल' विषय पर अनुच्छेद ७-८ वाक्यों में लिखिए।

प्रश्न-९) दी गई रुपरेखा के आधार पर 'टोपीवाला और बंदर' शीर्षक पर एक कहानी लिखिए।

एक बार की बात है, एक टोपीवाला टोपी बेचने के लिए……………….. जा रहा था। चलते-चलते टोपी वाले का थक जाना। पेड़ के नीचे बैठकर आराम करते हुए…………….। उसी पेड़ पर बंदरों का……………. और सारी टोपियाँ पहन लेना।………………. नींद से जागना और अपनी चतुराई से टोपी ज़मीन पर…………….। बंदरों का भी उसकी…………..करना और अपनी टोपियाँ……….। टोपी वाले का………. उठाना और………. चले जाना।

सीख- चतुराई से किए गए काम में सफलता मिलती है।

प्रश्न-१०) कक्षा में प्रथम आने पर अपने चाचा जी को पत्र लिखिए।